दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
SOUTH EAST CENTRAL RAILWAY
मुख्यालय, कार्मिक विभाग, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, आर.टी.एस. कॉलोनी, बिलासपुर (छ.ग.) 495004
HEADQUARTER, PERSONNEL DEPARTMENT, RAILWAY RECRUITMENT CELL, R.T.S. COLONY, BILASPUR (C.G.) 495004

P-HQ/RRC/GDCE/01/2021/638 Date: 09.03.2022

सूचना

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ/बिलासपुर द्वारा सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) के रोजगार सूचना संख्या 01/2021 के तहत् दिनांक 04.03.2022 को कार्मिशयल कम टिकट क्लर्क एवं गुड्स गार्ड पदों के लिए आयोजित किए गए कम्पयूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) का परिणाम घोषित किया गया था।

कार्मिशयल कम टिकट क्लर्क पद के लिए दस्तावेज एवं उम्मीदवारी सत्यापन दिनांक **15.03.2022 एवं 16.03.2022** को रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, आर.टी.एस. कॉलोनी, केन्द्रीय विद्यालय के पास, बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित किया जा रहा है। उम्मीदवारों को सुबह 09.30 बजे अपनी सभी मूल शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (निर्धारित सेन्ट्रल गर्वमेंट फार्मेट में), आयु प्रमाण पत्र, सीबीटी ई–कॉल लेटर की काउन्टर फॉइल इत्यादि साथ ही फरवरी माह की पे स्लीप, रेलवे द्वारा जारी पहचान पत्र, चार साफ लेटेस्ट पासपोर्ट साईज फोटो (बिना टोपी एवं कॅलर ग्लास पहने) जिसकी पृष्ठभूमि (Background) सफेद हो लेकर आवें। उम्मीदवार अपने साथ सभी दस्तावेजों की एक सेट स्वसत्यापित छायाप्रति भी लाएं। दस्तावेज सत्यापन में सही पाए गए उम्मीदवारों को अगले दिन बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडल के किसी भी रेलवे चिकित्सालय में चिकित्सा परीक्षण हेतु भेजा जाएगा, अतः उम्मीदवार इसकी तैयारी के साथ आएं। दस्तावेज एवं उम्मीदवारी सत्यापन के लिए ई–कॉल लेटर एसईसीआर के वेबसाइट www.secr.indianrailways.gov.in पर दिनांक 11.03.2022 तक अपलोड कर दिया जाएगा, इसे डाउन लोड कर अपने साथ दस्तावेज सत्यापन में लाएं। उपरोक्त दोनो तिथियों में अनुपस्थित उम्मीदवारों को उचित कारण एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने पर, दस्तावेज एवं उम्मीदवारी सत्यापन हेतु द्वितीय एवं अंतिम अवसर दिनांक 25.03.2022 को दिया जाएगा। इस तिथि में भी अनुपस्थित रहने पर उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी।

गुड्स गार्ड पद के लिए दस्तावेज एवं उम्मीदवारी सत्यापन दिनांक 23.03.2022 से 01.04.2022 तक आयोजित किया जाएगा। स्थान, समय, दस्तावेज एवं उम्मीदवारी सत्यापन के लिए ई–कॉल लेटर इत्यादि की जानकारी जल्द ही एसईसीआर के वेबसाईट पर अपलोड कर दी जाएगी।

09.03.22
(प्रशांत टी. नाईक)
अध्यक्ष, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर